राजधानी

जगदलपुर, शुक्रवार 18 जून 2021

www.dandakaranyasamachar.com

दण्डकारण्य समाचार | 3

समाचार संक्षेप

हापा-बिलासपुर साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल 26 से चलेगी

रायपुर, 17 जून । कोरोना वायरस के प्रभाव को देखते हुए रद्द की गई हापा-बिलासपुर साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन 26 जून से पुनः पटरियों पर दौड़ेगी। ज्ञात हो कि कोरोना महामारी के कारण अनेक गाड़ियों का परिचालन रद्द किया गया था, जिसमे हापा एवं बिलासपुर के मध्य चल रही 09239 /09240 हापा-बिलासपुर-हापा सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन को 10 मई से रद्द किया गया था। कोरोना की रफ्तार में लगाम लगने के बाद रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा बिलासपुर एवं हापा के मध्य रद्द की गयी 09239 /09240 हापा-बिलासपुर-हापा सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन को पिः से चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन हापा से (प्रत्येक शनिवार) को 09239 हापा-बिलासपुर सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन 26 जून से एवं विपरीत दिशा में भी बिलासपुर से (प्रत्येक सोमवार) को 09240 बिलासपुर-हापा सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन 28 जून से आगामी आदेश तक चलाई जाएगी।

बारिश नहीं होने से राजधानीवासी उमस से परेशान

रायपुर, 17 जून । राजधानी रायपुर में बारिश नहीं होने एवं आसमान पर धूप व बदली का जारी खेल के कारण उमस लोगों को परेशान किये हुए है। राजधानी में मंगलवार से बदली और धूप का खेल जा रही है, जिसके कारण यहां उमस बनी हुई है। हालांकि प्रदेश में प्रतिदिन अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। लेकिन राजधानी में बारिश नहीं होने से उमस ने लोगों को परेशान किया हुआ है। स्थानीय मौसम विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आज भी अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है। राजधानी में भी दोपहर बाद काले बादल आसमान पर छाने के आसार है और हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

गोबर बेचकर बिटिया को डॉक्टरी पढ़ा रही हैं गीता

रायपुर , 17 जून । सूरजपुर जिले में आयोजित भूमि पूजन और लोकार्पण समारोह के दौरान शासन की गोधन न्याय योजना से लाभान्वित गीता देवी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहा कि आपकी यह योजना चलती रहनी चाहिए क्योंकि इसी से वे डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही अपनी बेटी की फीस का इंतजाम कर पाती हैं। गीता देवी ने कहा की उनकी बिटिया रायपुर में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही हैं। गोबर बेचकर और दूध बेचकर वह उसकी फीस का इंतजाम कर लेती हैं। इसके अलावा उन्होंने गायों के लिए शेड भी बनाया है। गोधन न्याय योजना से ही लाभान्वित, सूरजपुर जिले के ही दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने 50हजार रुपये का गोबर बेचा है। इस पैसे में अपने पास के थोड़े और पैसे मिलाकर उन्होंने एक नई मोटरसाइकिल खरीदी है। अब इसी मोटरसाइकिल से दूध और सब्जी बेचते हैं। वे कहते हैं कि पहले मात्र 25000 रुपये कमाते थे, लेकिन अब डेढ़ लाख रुपए कमा लेते हैं। दिनेश कुमार ने बताया कि गोधन योजना से उनकी आर्थिक स्थिति बहुत बेहतर हो गई है।

75 दिनों बाद जिला प्रशासन संडे अनलॉक करने की कर रहा तैयारी

रायपुर, 17 जून । राजधानी एवं प्रदेश में कोरोना की रफ्तार थमते ही जिला प्रशासन द्वारा 75 दिनों बाद संडे अनलॉक करने की तैयारी प्रारंभ हो गई है। संडे बाजार निर्धारित अवधि के तहत संभवतः दोपहर 12 बजे अथवा 2 बजे तक अनलॉक रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सुबह से दोपहर 12 बजे अथवा 2 बजे तक बाजार खुला रखने पर विचार विमर्श जारी है। समय का निर्धारण होते ही आगामी रविवार से सुबह से दोपहर तक निर्धारित अवधि के लिए बाजार खुलेगा। शादी ब्याह का सीजन होने के कारण फैंसी आइटम कपड़ा सौंदर्य सामग्री एवं अन्य वस्तुओं की खरीदारी जमकर होगी। निर्धारित अवधि के लिए खुले संडे बाजार में माल्स को भी अन्य स्थानीय बाजारों की तरह निर्धारित अवधि का पालन करते हुए दोपहर माल्स बंद करना पड़ेगा।

रायपुर प्रेस क्लब का सामाजिक सरोकार, आम जनता के लिए टीके का उपहार

रायपुर, 17 जून । रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामु आम्बेडारे ने सामाजिक सरोकारों के तहत प्रेस क्लब में आम जनता के लिए तीन दिवसीय टीकाकरण शिविर लगाए जाने की जानकारी देते हुए बताया है कि सभी इच्छुक पत्रकार साथियों को सपरिवार कोरोना रोधी टीका उपलब्ध कराने के बाद अब शासन के स्वास्थ्य विभाग एवम् जिला प्रशासन के सहयोग से रायपुर प्रेस क्लब मोतीबाग में आम जन के लिए तीन दिवसीय टीकाकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 17, 18 एवम् 19 जून को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक दोनों आयु श्रेणियों के आम जन को दोनों ही वैक्सीन का टीकाकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

रायपुर 17 जून। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ मे शुरू हुई महतारी दुलार योजना ने कोरोना का दंश झेल रहे परिवारों को दी राहत, बच्चों की पढ़ाई की चिंता हुई दूर।

गोधन न्याय योजना से दुग्ध व्यवसाय को मिला संबल : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

रायपुर, 17 जून । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गोधन न्याय योजना से राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही दुग्ध उत्पादन व्यवसाय को एक नया संबल मिला है। उन्होंने कहा है कि पशुपालकों, ग्रामीणों एवं किसानों से उनकी नियमित रूप से चर्चा होते रहती है, लोग इस योजना के लाभ को लेकर बेहद उत्साहित है। दुग्ध का व्यवसाय करने वाले लोग बताते हैं कि गोधन न्याय योजना के जरिए गोबर की खरीदी होने से उनकी आमदनी बढ़ गई है। कई दुग्ध उत्पादक ग्रामीण किसान गोबर बेचने से मिली अतिरिक्त आय से अपने डेयरी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए दुधारू गाय खरीदने, शेड का निर्माण कराने के साथ ही मोटर-सायकिल खरीदने के साथ ही अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने लगे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज कोरिया एवं सूरजपुर जिले के कई किसानों से उनकी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा हुई। चिरमिरी में दुग्ध व्यवसाय कर रहे विष्णु प्रसाद ने बताया कि उन्होंने 650 क्रिंटल गोबर बेचकर एक लाख 33 हजार रूपए का अतिरिक्त लाभ अर्जित किया है, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए दो दुधारू गायें और खरीद ली है। उनके पास वर्तमान में 17 गायें हैं। गोधन न्याय योजना से लाभान्वित कोरिया के शिवचरण ने इससे हुए 48 हजार रूपए के लाभ से दो बैल और किश्त में मोटर सायकिल खरीदी है।

राज्यपाल ने कोरोना काल में सेना द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की

✸ राज्यपाल से जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल एस. मोहन ने की सौजन्य भेंट

रायपुर, 17 जून । राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल एस. मोहन (एस.एम., व्ही.एस.एम.) ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना हमारे देश के गौरव हैं। उनके कंधों पर पूरे देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। वे सजग रहते हैं तभी हम शांति से रह पाते हैं। राज्यपाल ने कोरोना काल में संक्रमण से बचाव के लिए सेना द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। लेफ्टिनेंट जनरल एस. मोहन ने राज्यपाल को बताया कि अक्टूबर 2021 में बस्तर में एक भर्ती रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय युवाओं को सेना में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। सेना द्वारा युवाओं को भर्ती पूर्व प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवा प्रशासन के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के रहने वाले भारतीय सेना के सैनिक जो देश की सीमा पर तथा अन्य अभियानों में शहीद हुए हैं उनके लिए छत्तीसगढ़ में एक स्मारक भी बनाया जा सकता है। राज्यपाल ने उनका शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया। अधिकारियों ने भी राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़-ओडिशा सब एरिया के कमाण्डर ब्रिगेडियर प्रशांत चौहान (एस.एम.) भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में ब्लैक फंगस के मामले लगातार बढ़ रहे

रायपुर, 17 जून । छत्तीसगढ़ में भले ही कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम गई है लेकिन ब्लैक फंगस के मामले अभी भी बढ़ रहे है। मंगलवार को ब्लैक फंगस के 9 नये मामले सामने आये है। इस तरह प्रदेश में मरीजों की संख्या बढ़कर 316 पहुंच गई है। इस बीमारी से प्रदेश में अब तक 37 मरीजों की मौत भी हो चुकी है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम चुकी है जिससे लोगों में कोरोना का खौफ भी कम हो गया है,।

कैबिनेट मंत्री सिंहदेव जनघोषणा पत्र में अनियमित कर्मियों के नियमितीकरण के वायदे को पूरा करे-छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ

रायपुर , 17 जून । छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ जो कि शासकीय विभागों/निगम /मंडलों/स्वशासी निकायों में कार्यरत समस्त अनियमित (संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर, मानदेय, प्लेसमेंट, अशंकालिक, जाबदर, ठेका) अधिकारियों/ कर्मचारियों का महासंघ है तथा अपने अनियमित कर्मचारी सदस्य साथियों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश संयोजक अनिल कुमार देवांगन ने बताया कि, छत्तीसगढ़ में 2018 में चुनावी वर्ष के दौरान कांग्रेस वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने महासंघ के तत्कालीन संघर्ष के दिनों में साथ निभाया था और महासंघ के मांगों को कांग्रेस के 2018 के जन-घोषणा (वचन) पत्र दूर दृष्टि, पक्का इरादा, कांग्रेस करेगी पूरा वादा के बिंदु क्रमांक 11 एवं 30 में अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, छटनी न करने तथा आउट सोर्सिंग बंद करने को स्थान दिया। इस तारतम्य में प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने बताया कि, दिनांक 14 फरवरी 2019 को रायपुर के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने स्वयं कहा कि यह वर्ष किसानों लिए है आगामी वर्ष कर्मचारियों का होगा। परन्तु अद्यतन ढाई वर्ष होने जा रहा है के उपरांत भी अनियमित कर्मचारियों के बारे में छत्तीसगढ़ की जन हितैषी सरकार एक कदम भी नियमितीकरण के वायदे को पूरा करने के लिये नहीं उठा पा रही है छटनी रोकना और अनियमित भर्तियों पर रोक लगाना तो दूर की बात है।

प्रदेश कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य गोपाल प्रसाद साहू ने आगे बताते हुए कहा कि, प्रदेश के 54 विधायों तथा 72 से अधिक योजना परियोजना के अनियमित कर्मचारी वर्तमान में अपनी मांगों को लेकर लामबंद हो रहे है और अब महासंघ और उससे सम्बद्ध 14 संगठनों के प्रदेश अध्यक्षो ने 17 जून 2021 गुरुवार 1 बजे श्री टी.एस. सिंहदेव, मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को उनके निवास में नियमितीकरण एवं घोषणा-पत्र में किये वादे को याद दिलाने ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक ठाकुर ने कहा कि,महासंघ के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों, प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ महासंघ से सम्बद्धता प्राप्त 14 संघो के अध्यक्षो क्रमशः अरूण वैष्णव,पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त वि.वि. बिलासपुर कर्मचारी संघ,विनय हरबंश, छत्तीसगढ़ नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ,नीलमणी चंदेल,स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीण कर्मचारी कल्याण संघ, मिर्जा शहजार बेग,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल कर्मचारी कल्याण संघ,पी.के. कौशिक, छत्तीसगढ़ संविदा प्रशिक्षण अधिकारी कल्याण संघ,गोविंद साहू,आत्मा (कृषि) कर्मचारी संघ, संतोष साहू,छत्तीसगढ़ राज्य समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ,रमा शर्मा, छत्तीसगढ़ कम्प्यूटर शिक्षक संघ,अशोक सिन्हा, अध्यक्ष,एकीकृत बाल संरक्षण योजना संविदा कर्मचारी संघ,चंद्रशेखर अग्निवंशी,छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ,लवलीन शर्मा,छत्तीसगढ़ उद्यानिकी अनियमित कर्मचारी संघ,उमेद महिलाएं, छत्तीसगढ़ शा.आ.प्र.संस्था मेहमान प्रवक्ता कल्याण संघ,रविन्द्र चापड़ी, छत्तीसगढ़ एकलव्य विद्यालय अतिथि शिक्षक संघ, संजय ऐड़े छत्तीसगढ़ प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु प्रण लिय।

रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि से उज्जवला योजना फेल : फूलो देवी नेताम

✸ खाद्य तेलों में 50 से 70 फीसदी मई 2021 में दर्ज हुई : श्रीमती छाया वर्मा

✸ पेट्रोल डीजल के दाम सेन्चुरी पार : श्रीमती ज्योत्सना महंत

रायपुर, 17 जून । केन्द्र में पदस्थ मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में रसोई गैस पेट्रोल डीजल खाद्य पदार्थ एवं खाद्य तेलों में बेतहाशा वृद्धि की है जिसके चलते लोगों के रसोई, गाड़ियां एवं तेल से पकोड़े तलने की मोदी सरकार की योजना हर मोर्चे पर विफल हुई है। पिछले 10 सालों में रसोई गैस की कीमत जहां 890 रूपये पहुंच चुकी है। वहीं केन्द्र सरकार द्वारा लागू उज्जवला योजना के तहत वितरित सिलेण्डरों में रिफिल भरवाना भी आम आदमी के लिए कष्टदायी हो गया है। उक्ताशय की बातें राजीव भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला विंग की अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य फूलो देवी नेताम, राज्यसभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा एवं जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने संयुक्त रूप से कही। पत्रकारवार्ता में फूलो देवी ने कहा कि यूपीए सरकार के समय सड़कों पर प्रदर्शन करने वाली भाजपा आज केन्द्र में बढ़ती महंगाई पर मौन साधे बैठी हुए है। रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम गृहिणी की रसोई उजाड़ दी है। वहीं खाद्य तेलों में हुई 70 फीसदी वृद्धि पर भाजपा सरकार को घेरते हुए राज्य सभा सांसद वर्मा ने कहा कि जो स्मृति ईरानी पेट्रोल डीजल के दाम में यूपीए सरकार के समय मामूली हुई वृद्धि पर देशभर प्रदर्शन कर सड़कों पर हंगामा करती थी। उनकी जुबान आज एनडीए सरकार में मंत्री बनते ही क्यों बंद हो गई है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार को शहंशाह मोदी एवं शाह चला रहे हैं। महंगाई हटाने के नाम पर सत्ता में आई भाजपा ने आम जनता के साथ वायदा खिलाफी की है। पेट्रोल डीजल के दामों में हुई वृद्धि पर श्रीमती महंत ने कहा कि यूपीए सरकार के समय पेट्रोल का दाम 70 रूपये लीटर एवं डीजल का 68 रूपये लीटर था वह आज सेंचुरी पार कर चुका है। लोगों के आवागमन को मोदी सरकार ने बाधित किया है। वार्ताकारों ने पत्रकारवार्ता में कहा कि गेहूं, चावल, दाल, आटा, तेल में मुगफली, सरसों तेल, फोहा, मसाले, हल्दी मिर्च धनिया, चाय पत्ती, शक्कर, आलू, प्याज आदि के दामों में 10 साल में अभूतपूर्व वृद्धि मोदी सरकार ने की है। भाजपा सत्ता में रहने का अधिकार खो चुकी है। प्रदेश महिला कांग्रेस आम महिलाओं एवं जनता की लड़ाई हर हाल में लड़ेगी। 20 जून को महिला कांग्रेस मोदी सरकार की महंगाई के खिलाफ आम जनता को प्रेरित करने के लिए वर्चुअल धरना देगी।

पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक विक्रय की जांच

✸ 18 सहकारी समितियों को दिया गया नोटिस

रायपुर, 17 जून । उर्वरक निरीक्षण दल द्वारा रायपुर जिले के सभी विकासखंडों के सहकारी समिति एवं निजी विक्रेता दुकानों की गत दिनों पी ओ एस मशीन के माध्यम से उर्वरक विक्रय की आकस्मिक रूप से जांच की गई। अनियमितता पाये जाने पर जिले के 18 सेवा सहकारी समितियों को नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय हैं कि कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ एम. गीता एवं कलेक्टर रायपुर श्री सौरभ कुमार के निर्देश पर रायपुर जिले में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक औषधि के निर्माता, विक्रेता परिसर निरीक्षण हेतु दल का गठन किया गया है। निरीक्षण कर उर्वरक (अधिनियम) आदेश 1985 के तहत उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए है।

उप संचालक कृषि श्री कश्यप ने बताया कि उर्वरक निरीक्षण दल द्वारा विकासखंड तिल्दा के 5 सेवा सहकारी समिति गनियारी, मांठ, खरोरा, बंगोली एवं अड़सेना, विकासखंड आरंग के 3 सेवा सहकारी समिति मंदिरहसौद, मुनगेरी एवं नगपुरा, विकासखंड अभनपुर के 5 सेवा सहकारी समिति रवेली, ढोढरा, परसदा, खोरपा एवं सारथी, विकासखंड धरसींवा के 5 सेवा सहकारी समिति कचना, नगरगांव, गिरौद, मांदर एवं बरबंदा का निरीक्षण किया गया।

इसी तरह गुण नियंत्रण हेतु निजी विक्रेता दुकानों का भ्रमण कर रसायनिक उर्वरक, कीटनाशक दवाई एवं बीज का नगुना लिया जा रहा है तथा डबललॉक केन्द्रों का भी निरीक्षण कर तत्काल एकनालेजमेंट प्रदाय करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी विकासखंडों के कृषि विकास अधिकारियों को सहकारी एवं निजी निर्माता एवं विक्रेता के सतत् निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया है ताकि पी ओ एस मशीन से ही उर्वरक विक्रय किया जा सके। एवं मात्रा का वास्तविक मिलान हो सके।

रंग ला रही छत्तीसगढ़ में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की पहल

✸ केनापारा पर्यटन स्थल में बोटिंग से समूह की महिलाओं ने कमाए 16 लाख 71 हजार रूपए- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पिः से दिया भ्रमण का आमंत्रण

रायपुर, 17 जून । छत्तीसगढ़ में पर्यटन से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की पहल रंग ला रही है। सूरजपुर जिले के केनापारा पर्यटन केन्द्र में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के साथ बोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराकर राजगार के नए अवसर सृजित किये गए हैं। इनमें महिलाओं को बोटिंग सहित अन्य आजीविका संबंधी गतिविधियों से जोड़ा गया है। सूरजपुर जिले में विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात करते हुए शिवशक्ति महिला ग्राम संगठन की सुश्री उषा रजक ने बताया कि समूह की महिलाएं केनापारा पर्यटन स्थल में बोटिंग का काम करती हैं। उनके संगठन में 286 महिलाएं जुड़ी हैं। उन्हें बोटिंग से अब तक 16 लाख 71 हजार 190 रूपए की आमदनी हुई है। समूह की प्रत्येक महिला को हर माह 7 हजार की आमदनी हो जाती है। सुउषा ने बताया कि वह भी बोट चलाती हैं और मुख्यमंत्री बघेल के वहां प्रवास के दौरान उन्हें भी बोटिंग कराई थी। इसके साथ ही सुउषा ने मुख्यमंत्री बघेल को पुनः भ्रमण के लिए आने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्यमंत्री ने सूरजपुर कलेक्टर से पर्यटन स्थल में बोटिंग की व्यवस्था के साथ ठहरने के लिए हट बनवाने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि केनापारा को विकसित करने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है और उसके अनुरूप केनापारा पर्यटन स्थल को विकसित किया जाएगा।

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

✸ संग्रहण केंद्रों एवं उपार्जन केंद्रों में धान की सुरक्षा की व्यवस्था के निर्देश

रायपुर 17 जून । खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने आज मंत्रालय (महानदी भवन) में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भण्डारण और वितरण की जिलेवार समीक्षा की। श्री भगत ने चावल, गुड़, शक्कर और चने के वितरण के लिए पर्याप्त मात्रा में भण्डारण सुनिश्चित करने कहा है। शासकीय उचित मूल्य दुकानों का व्यवस्थित संचालन करने, राशन दुकानों में पेयजल व्यवस्था, रंग-रोगन और रेट लिस्ट लगाने के साथ ही पीडीएस का निरंतर निरीक्षण करते रहने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

खाद्य मंत्री श्री भगत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि राज्य में पी.डी.एस. के बारदानों की चावल के लिए अच्छी गुणवत्ता के गठानों का समुचित

व्यवस्था करें। बस्तर से पहले सभी पहुंच विहीन और दुर्गम क्षेत्रों के लिए पर्याप्त खाद-सामग्री का भंडारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा अभी तक बीपीएल श्रेणी के राशनकार्ड धारकों को निशुल्क खाद्यान्न का विधिवत आदेश अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। अतः मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार बीपीएल कार्ड धारकों को निशुल्क वितरण करने की समुचित व्यवस्था की जा रही है। खाद्य मंत्री ने धान संग्रहण केंद्रों एवं उपार्जन केंद्रों में उठाव शेष रह गई धान की समुचित सुरक्षा के निर्देश दिए है। उन्होंने कही पर भी धान शार्टेज नही हो इसके लिए सर्तकता से काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। यदि कहीं पर धान शार्टेज की शिकायत होगी तो संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। खाद्य मंत्री ने सेंट्रल पूल के तहत भारतीय खाद्य निगम द्वारा चावल खरीदने के लिए लगातार मानीटरिंग एवं पत्राचार कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। पीडीएस के हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार खाद्यान्न सामग्री प्रतिमाह वितरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस साल 92 लाख मीट्रिक टन हुई धान खरीदी में से करीब 54 लाख मीट्रिक टन मिलर्स द्वारा, 20 लाख मीट्रिक टन संग्रहण केन्द्रों द्वारा, 9 लाख से ज्यादा विडर्स एवं करीब 8 लाख 10 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा धान का उठाव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा किया जा चुका है।